# केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड

## <u>प्रेस नोट</u>

29 मई, 2014

## सीनियर सैकेंडरी स्कूल परीक्षा परिणाम – कक्षा XII 2014

| | |
|---|---|
| **परीक्षा अवधि** | 1 मार्च 2014 से 25 अप्रैल 2014 |
| **परीक्षाफल घोषणा तिथि** | **26** मई 2014 (चैन्नई और तिरूवनंतपुरम)<br>**28** मई 2014 (इलाहाबाद, अजमेर, भुवनेश्वर, पटना, गुवाहाटी और पंचकुला)<br>**29** मई 2014 (दिल्ली और देहरादून) |

**<u>परीक्षाफल के आंकड़े</u>**

इस वर्ष कक्षा–XII की परीक्षा हेतु कुल **1028928** परीक्षार्थी पंजीकृत हुए । पिछले वर्ष की तुलना में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या में **<u>8.91</u>** प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

**<u>मुख्य विशेषताएं–</u>**

- वर्ष 2013 का उत्तीर्ण प्रतिशतः **<u>82.10</u>**
- वर्ष 2014 का उत्तीर्ण प्रतिशतः **<u>82.66</u>**

- **छात्राओं** ने **छात्रों** से बेहतर प्रदर्शन किया। **छात्रों** का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>78.27</u>** की तुलना में **छात्राओं** का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>88.52</u>** रहा।

- संस्थागत नियमित परीक्षार्थियों का उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>84.95</u>** रहा।

- क्षेत्रीय कार्यालय तिरूवनंतपुरम का समस्त उत्तीर्ण प्रतिशत **<u>94.26</u>** रहा जो सभी क्षेत्रीय कार्यालयों में उच्चतम है।

# सीनियर सैकेंडरी स्कूल परीक्षा (कक्षा XII) परिणाम 2014

# प्रेस नोट

## कक्षा–XII, 2014 परीक्षाओं की प्रमुखताएँ

- बोर्ड ने वर्ष 2014 में बारहवीं कक्षाओं की परीक्षाओं में बैठने वाले परीक्षार्थियों के रोल नम्बर अनुसार सूची ऑन लाइन सृजित करने की सुविधा स्कूलों के लिए उपलब्ध करवाई। स्कूलों ने परीक्षा में बैठने वाले अपने नियमित छात्रों के प्रवेश पत्र भी ऑन लाइन तैयार किए।

- वर्ष 2013 के कक्षा XII में पूरक परीक्षा में सम्मिलित होने बाले परीक्षार्थियों की संभावना कम से कम तीन हो गई है। **तथापि जो परीक्षार्थी 2012 या उससे पहले की परीक्षा में बैठें हो उनके लिए पूरक परीक्षा में बैठने की संभावना पाँच ही रहेगी।**

- विभिन्न विषयों के लिए और समझ, विश्लेषण, व्याख्या की तरह कौशल विकसित करने के लिए तथा विभिन्न दृष्टिकोणों को विकसित करने के उद्देश्य से इतिहास के विषय में 20 अंक के प्रौजेक्ट कार्य की शुरूआत की गई।

  स्कूलों को निर्देश दिए गए कि वह इतिहास के विषय में प्रौजेक्ट कार्य के लिये 10 समय अवधि को उपयुक्त रूप से रखें। प्रौजेक्ट कार्य को समूहों में किया जाना था। हालांकि दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए शिक्षकों को उपयुक्त कार्य और गतिवधियां आवंटित करने के निर्देश दिए गए। मूल्यांकन बाह्य परीक्षकों द्वारा किया गया।

- **ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) सिस्टम**

  बारहवीं कक्षा में ओएसएम प्रणाली को केवल दिल्ली क्षेत्र में अंग्रेजी (कोर) तथा अर्थशास्त्र विषयों में लागू किया गया। इस प्रक्रिया को मूल्यांकन के सुदृढ़ीकरण एवं गलतियों को कम करने के उद्देशय से तैयार किया गया है।

  संबद्ध स्कूलों से शिक्षकों को ऑन स्क्रीन मार्किंग के लिए प्रशिक्षण दिया गया। इन विषयों के उत्तर पुस्तिकाओं को केन्द्रीय स्तर पर स्केन तथा अपलोड किया गया और तत्पश्चात्, मूल्यांकन केन्द्रों पर ऑन लाईन डाउनलोड किया गया। मूल्यांकन के लिए शिक्षकों को एक यूजर आई–डी दिया गया, जिसके उपयोग से दिए गए बैच की उत्तर पुस्तिकाओं को डाउनलोड कर संशोधित किया जा सके।

  ओएसएम सॉफ्टवेयर इस प्रकार तैयार किया गया है कि यदि उत्तर पुस्तिका के किसी हिस्से का मूल्यांकन नहीं किया गया या किसी उत्तर के अंक नहीं

दिए गए है, तो उत्तर पुस्तिका को मुख्य परीक्षक को प्रस्तुत नहीं किया जा सकता है। जिसके परिणामस्वरूप किसी भी प्रश्न का मूल्यांकन न हो पाने की संभावना नहीं रहती।

उत्तर पुस्तिकाओं की उपयुक्त मार्किंग तथा गलतियाँ, यदि कोई हो, का सुधार करना सुनिश्चित करने के लिए 10% उत्तर पुस्तिकाओं की समीक्षा का दायित्व मुख्य परीक्षक को दिया गया।

- **<u>नैतिक मूल्यों पर आधारित प्रश्न</u>**

  बोर्ड ने नैतिक शिक्षा कक्षा IX तथा XII के सभी मुख्य विषयों की विषय वस्तु में 3 से 5 अंक के नैतिक मूल्यों के प्रश्न शामिल किये तथा इनका विश्लेषण प्रतिबिंबित मूल्यों के आधार पर किया गया।

- **<u>पर्यवेक्षण–सारणीः</u>** प्रश्न–पत्रों से संबंधित छात्रों की संगत शिकायतों के निपटान हेतु सभी विद्यालयों के प्राचार्यों को पर्यवेक्षण सारणी भेजी गई जिससे वे संबंधित विषय की परीक्षा के आयोजन के 24 घंटे के भीतर अपने सुझाव दर्ज कर अग्रेषित कर सकें ताकि अंकन–योजना तैयार करते समय विशेषज्ञों द्वारा उन पर विचार किया जा सके।

**<u>विशेष वर्ग के विद्यार्थियों के लिए रियायतें</u>**

बोर्ड के परीक्षा उप–नियम तथा निशक्तता व्यक्ति अधिनियम, 1995 के अनुसार, बोर्ड द्वारा विशेष वर्ग के अंतर्गत आने वाले विद्यार्थियों के लिए अनेक अन्य छूट/सुविधाएं प्रदान की जाती है।

- **अक्षम, दृष्टिहीन परीक्षार्थियों, विकलांगों, आश्रित वाक विकार और विकलांग उम्मीदवारों को विकलांगता अधिनियम, 1995 में परिभाषित विकलांग परीक्षार्थियों के लिए सुविधाएंः–**

1. मिडिल स्कूल (अर्थात आठवीं कक्षा) स्तर तक तृतीय भाषा के अध्ययन से छूट
2. सेकेन्ड्री स्कूल स्तर पर एक छात्र के लिए एक भाषा तथा निम्नलिखित विषयों में से कोई चार विषय लेने का विकल्प है।
   गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, अन्य भाषा, संगीत, पेंटिंग, गृह विज्ञान, प्रारंभिक सूचना प्रौधोगिकी, कामर्स (ऐलिमेन्टस ऑफ कामर्स) एवं कामर्स (ऐलिमेन्टस ऑफ बुक कीपिंग और अकाउंटेंसी)।
3. लेखन सहायक के प्रयोग की अनुमति
4. लेखन सहायक परीक्षा दे रहे परीक्षार्थी से छोटी कक्षा का छात्र होता है
5. परीक्षा केन्द्र अधीक्षक उपयुक्त लेखन सहायक चुनकर, उसका विवरण विचारार्थ एवं अनुमोदन हेतु संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भेजता है।
6. उपरोक्त श्रेणी के विशेष छात्रों को लेखन सहायक की सेवायें निःशुल्क प्रदान की जाती है।

7. लेखन सहायक का बोर्ड द्वारा निर्धारित पारिश्रमिक दिया जाता है, जोकि इस समय 100/– रूपये प्रतिदिन है।
8. परीक्षार्थियों को सभी या किसी भी पेपर में लेखन सहायक की अनुमति दी जाती है।
9. परीक्षार्थियों को, यदि वे चाहें तो, डाइग्राम/आरेख आदि स्वयं बनाने की अनुमति है।
10. 10वीं और 12वीं की परीक्षा में बैठने वाले विकलांग परीक्षार्थियों को निम्नानुसार अतिक्ति समय की अनुमति दी गई।

    1. 3 घण्टे की अवधि के प्रत्येक पेपर हेतू 60 मिनट
    2. 2.1/2 घण्टे की अवधि के प्रत्येक पेपर हेतू 50 मिनट
    3. 2 घण्टे की अवधि के प्रत्येक पेपर हेतू 40 मिनट
    4. 1.1/2 घण्टे की अवधि के प्रत्येक पेपर हेतू 30 मिनट

11. केन्द्र अधीक्षक उपरोक्त श्रेणी के बैठने की व्यवस्था, जहां तक संभव हो भूतल पर की गई।
12. कक्षा 12वीं के लिए इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीति शास्त्र विषयों में दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए दृश्य प्रश्नों के स्थान पर वैकल्पिक प्रश्न दिए गए।
13. गत वर्ष की भांति 2014 की परीक्षा में भी क्षीणदृष्टि वाले परीक्षार्थियों के लिए 12वीं कक्षा हेतू भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और गणित विषयों में दृश्य प्रशनों के स्थान पर अलग प्रश्नपत्र दिए गए।
14. केन्द्र अधीक्षकों को विकलांग परीक्षार्थियों की उत्तर पुस्तिकाओं को एक अलग कवर में संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय को भिजवाने के निर्देश दिए जाते गए है।
15. इन छात्रों की सुविधा के लिए कुछ चुने हुए विद्यालयों को ही परीक्षा केन्द्र बनाया जाता है।
16. दृष्टिबाधित विद्यार्थियों के अध्यापकों को ही सहायक अधीक्षक (निरीक्षक) नियुक्त किया जाता है। तथापि, सावधानी के तौर पर भिन्न दिनों में, भिन्न विषयों के अध्यापक नियुक्त किए जाते है।
17. विकलांग परीक्षार्थियों का वर्ग लिखने के लिए उत्तर पुस्तिका के ऊपरी पृष्ठ पर एक अलग कॉलम दिया गया है, ताकि इन उत्तर पुस्तिकाओं को बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय को अलग से भेजने के लिए पृथक किया जा सके।
18. इन परीक्षार्थियों के लिए गणन कार्य स्वयं करना अनिवार्य नहीं है।

- **बोर्ड ने वर्ष 2014 की परीक्षा से सीनियर सेकेंडरी (बारहवीं कक्षा) के स्तर से पुन: मूल्यांकन का प्रावधान किया है जोकि पहले से विद्यमान अंकों के सत्यापन और मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकापी प्राप्त करने के प्रावधानों के अतिरिक्त है। इन प्रक्रियाओं को आपस में जोड़ा गया है अर्थात अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करने वाले परीक्षार्थी ही मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटोकापी पाने के पा़त्र होंगे तथा उत्तर पुस्तकों की फोटोकापी प्राप्त करने के बाद ही पुर्न:मूल्यांकन कराने के पात्र होगे । इससे तात्पर्य यह है कि किसी भी छात्र को अंकों का सत्यापन कराए बिना फोटोकापी उपलब्ध कराने के लिए**

**अनुरोध करने की अनुमति नहीं होगी और इसी प्रकार से किसी भी छात्र को अंकों के सत्यापन कराए तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तिका की फोटोकापी प्राप्त किए बिना उत्तरों को चुनौती करने का अधिकार नहीं होगा । अत एवं, परीक्षार्थियों को इस परिवर्तन को नोट करने तथा आवेदन प्रस्तुत करते समय इस ओर ध्यान करने का अनुरोध किया जाता है ।**

## I. अंकों का सत्यापनः कार्यप्रणाली

(1) तत्काल सत्यापन के लिए बोर्ड ने ऑनलाईन आवेदन की व्यवस्था की है। ऑनलाईन आवेदन 7 दिनों के अंदर **30–05–2014 से 05–06–2014 तक** 300/–रू0 प्रति विषय की दर पर किये जा सकते है।

(2) **क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली और संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में नामित स्कूलों में मार्क्स के सत्यापन के लिए आवेदन करने के पिछले अभ्यास (अन्य मामलों में) को रोक दिया गया है। अंको के सत्यापन के लिए आवेदन अब ऑनलाइन ही लिए जाएगें।**

(3) 2014 की परीक्षा के लिये फीस का भुगतान केवल गेटवे/ई चालान द्वारा किया जाएगा। ई चालान के मामले में संबंधित बैंक शाखा में जाकर परीक्षार्थी इसको जमा करवा सकते है।

(4) विस्तृत जानकारी के लिए परीक्षार्थी सीबीएसई की बेवसाइट www.cbse.nic.in पर सूचना देख सकते हैं।

अंकों के सत्यापन के लिए परीक्षार्थियों को बोर्ड की बेवसाइट के द्वारा सूचित किया जाएगा। जिन परीक्षार्थियों के परीणाम संशोधित हुए होगें उन्हें उनके संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय पत्र के द्वारा सूचित करेंगे।

## II. मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकापी उपलब्ध कराना

मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकापी केवल उन छात्रों को उपलब्ध कराई जाएगी जो इसके लिए अनुरोध करेगे तथा जो छात्र अंकों के सत्यापन के लिए आवेदन करेंगे। इसके लिए आवेदन पत्र बोर्ड द्वारा **20–06–2014 से 23–06–2014 तक** स्वीकार किए जाएंगे। संबंधित जानकारी को विस्तार से वेबसाइट पर दिया गया है ।

## III. उत्तर पुस्तकों का पुन: मूल्याकन

केवल वे परीक्षार्थी जिन्होनें अंकों के सत्यापन के लिए तथा मूल्यांकित उत्तर पुस्तकों की फोटोकापी प्राप्त करने के लिए आवेदित किया है, वह **अंग्रेजी कोर, फंक्शनल अंग्रेजी, अंग्रेजी इलेक्टिव, हिन्दी कोर, हिन्दी इलेक्टिव, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, जीव.विज्ञान, बिजनस स्टडीज, अर्थशास्त्र तथा लेखांकन विषयों** में से प्रत्येक में अधिकतम 10 प्रश्नों के पुन: मूल्यांकन के लिए आवेदन कर सकते है।

समूची आवेदन प्रक्रिया ऑन लाईन होगी। पुन: मूल्यांकन के पश्चात् यदि संबंधित विषय में 5 या इससे अधिक अंकों का अन्तर आता है तो उस विषय में पहले मूल्यांकन में दिए गए अंक रदद् हो जाएगे और पुन: मूल्यांकन में उस विषय(ों) में दिए गए नए अंकों को वैध माना जाएगा तथा पुन: मूल्यांकन में दिए गए अंकों को शामिल करते हुए नई अंक तालिका जारी कर दी जाएगी । यद्यपि, पुन : मूल्यांकन के पश्चात् यदि एक या दो अंकों की वेटेज वाले प्रश्नों में कोई परिवर्तन पाया जाता है और पुन: मूल्यांकन के पश्चात् यदि संशोधन पाया जाता है तो इसे शामिल करने पर विचार किया जाएगा। संबंधित जानकारी को विस्तार से वेबसाइट पर दिया गया है ।

*थ्योरी परीक्षा में विशेष प्रश्नों के लिए पुनः मूल्याकन के लिए **ऑनलाइन आवेदन पत्र 28–06–2014 से 04–07–2014 तक** स्वीकार किए जाएगें ।

**पूरक परीक्षा**

- बोर्ड द्वारा आयोजित प्रथम अवसर पूरक परीक्षा **16 जुलाई 2014** होंगी । परीक्षार्थी अपना आवेदन विद्यालय के प्रधान के माध्यम से प्रेषित करेंगे। संस्थानों के प्रधान सुनिश्चित करेंगे कि पूरक परीक्षा हेतू परीक्षार्थियों की सूची संबंधित क्षेत्रीय कार्यालयों में **21–06–2014** अथवा लेट फीस **10/–रू0** प्रति दिन के हिसाब से **30–06–2014** तक पहुंच जाये ।

- **बोर्ड के अधिकार क्षेत्र**

* बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकार क्षेत्रों की सूची आगे संलग्न है।

- **क्षेत्रीय कार्यालय दिल्ली में परिणाम घोषणा की व्यवस्था** :–

दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों के अन्दर आने वाले सभी स्कूल, अपने संबंधित उप निदेशक, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के कार्यालय से दिनांक **29–05–2014 को समय अवधि की पुष्टि के पश्चात् परिणाम ले सकते हैं।**

**दिल्ली क्षेत्रीय कार्यालयों के प्राईवेट परीक्षार्थी** अपने परीक्षा केन्द्रों से संपर्क करें ।

**बोर्ड में परिणाम बताने की कोई व्यवस्था नहीं होगी इसलिए जन साधारण को सुझाव दिया जाता है कि वे परिणाम प्राप्त करने के लिए बोर्ड के कार्यालय पर न आएं।**

- **सीबीएसई टेली काउंसलिंग– द्वितीय चरण**

सीबीएसई टेली काउंसलिंग के दूसरे चरण की शुरूआत 20 मई से हो गई है जो 10 जून 2014 तक चलेगी।

इस अवधि के दौरान सीबीएसई से संबद्धता प्राप्त सरकारी और प्राईवेट विद्यालयों के **54** प्राचार्य, प्रशिक्षित काउंसलर, मनोवैज्ञानिक और समाज–वैज्ञानिक

हैल्पलाईन पर छात्रों के मनोवैज्ञानिक समस्याओं का समाधान करेगें। इनमें से 44 भारत मे उपलब्ध हैं जबकि 10 भारत से बाहर कुवैत, यूएई, नेपाल, सउदी अरब सल्तनत और ओमान में हैं।

- **केन्द्रीकृत और टोल फ्री हेल्पलाइन भारत मे :–**

सीबीएसई हेल्पलाइन की केंद्रीकृत सुविधा की प्राप्ति के लिए छात्र भारत के किसी भी स्थान से शुल्क रहित संख्या (टोल फ्री नम्बर) **1800 11 8004** डायल कर सकते हैं। सामान्य प्रश्नों का उत्तर प्रचालकों द्वारा दिया जायेगा व परीक्षा संबंधी चिंता या तनाव के मामले में उनका संपर्क प्राचार्यों या परामर्शदाता करेंगे।

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, परीक्षा के सफल और सुचारू रूप से संचालन में पूर्ण सहयोग प्रदान करने के लिए शिक्षा निदेशालय, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, जवाहर नवोदय विद्यालय समिति, सभी स्कूलों जैसी सहयोगी संस्थाओं और राज्य सरकारों के प्रति आभार व्यक्त करता है । परीक्षा संचालन के दौरान समय–समय पर सहायता तथा सहयोग प्रदान करने के लिए मीडिया, दिल्ली एंव समस्त राज्यों की पुलिस भी विशेष धन्यवाद की पात्र है।

| **रमा शर्मा** | **के के चौधरी** | **विनीत जोशी** |
|---|---|---|
| **जन संर्पक अधिकारी** | **परीक्षा नियंत्रक** | **अध्यक्ष** |

| बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालयों के अधिकार क्षेत्र सूची | | | |
|---|---|---|---|
| **सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय, दिल्ली**<br>**पी.एस. 1–2, इंस्टीट्युशनल एरिया, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपड़गंज, दिल्ली.110092**<br>दूरभाषः011-22239177-80, 22235948, 22235904,फैक्सः 011-22248990<br>ई–मेलःrodelhi.cbse@nic.in | राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली एवं विदेशी स्कूल | सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय, शिलपग्रमरोड, नियर शंकरदेव कलाक्षेत्र, पंजाबरी, गुवाहाटी.781037<br><br>दूरभाषः0361-2333333, 2229994, 2229995 Fax: 0361-2229992<br>फैक्सः 0361-2229992<br>ई–मेलःroguwahati.cbse@nic.in | असम, नागालैण्ड, मणिपुर, मेघालय, सिक्किम, अरूणाचल |
| सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय<br>सैक्टर–5, पंचकुला.134109<br><br>दूरभाषः0172-2585193, 2583547<br>Fax: 0172-2585163<br>फैक्सः 044-26162212<br>ई–मेलः0172-2585163 | हरियाणा, चंडीगढ़, पंजाब, जम्मू–कश्मीर, हिमाचल प्रदेश | सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय<br>अंबिका कॉम्पलैक्स,<br>बह्मस्थान, शेखपुरा<br>बेलीरोड़, पटना.800014(बिहार)<br><br>दूरभाषः0612-2295008, 2295080<br>Fax: 0612-2295008<br><br>फैक्सः 044-26162212<br>ई–मेलःropatna.cbse@nic.in | बिहार, झारखंड |
| **सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय इलाहाबाद**<br>35 बी, सिविल स्टेशन,<br>एम.जी. रोड सिविल लाइन्स,<br>इलाहाबाद.211001 उत्तर प्रदेश<br>दूरभाषः0532-2407970, 2407972, 2408971, फैक्सः 0532-2408977<br>ई–मेलःroallahabad.cbse@nic.in | उत्तर प्रदेश और (पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा) | सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय,<br>छठी मंजिल, आलोक भारती कॉम्पलैक्स,<br>शहीद नगर<br>भुवनेश्वर.751007(उड़ीसा)<br><br>दूरभाषः0674-2542312<br>फैक्सः 0674-2547312<br>ई–मेलःrobhubaneshwar.cbse@nic.in, rocbse.bbsr@rediffmail.com | उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ |
| सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय<br>टोडरमलमार्ग, अजमेर.305030<br><br>दूरभाषः0145-2627451, 0145-2627139, 2627460<br>फैक्सः 0145-2421543<br>ई–मेलःroajmer.cbse@nic.in | राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और दादरा एवं नगर हवेली | सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय<br>नया न. 3, (पुराना न. 1630 ए)<br>जे ब्लॉक, 16वां मेनरोड,<br>अन्नानगर (प).<br>चेन्नई.600040<br><br>दूरभाषः044-26162213, | तमिलनाडू, केरल, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा, पांडिचेरी, अंडमान व निकोबार, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | 26162214, 26161100, 26162264<br>Fax: 0361-2229992<br>फैक्सः 044-26162212<br>ई–मेलःrochennai.cbse@nic.in | द्वीपसमूह, दमन एवं दीव |
| सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय,<br>99, कौलागढ़ रोड,<br>देहरादून, उत्तराखंड.248001<br><br>दूरभाषः0135-2757733, 2757744<br>फैक्सः 0135-2757766<br>ई–मेलःroddn.cbse@gmail.com | उत्तराखंड और पश्चिमी उत्तर प्रदेश जैसे की अलीगढ़, बदायुं बागपत, बरेली, बिजनौर, बुलन्दशहर, एटा, गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, हापुर, हाथरस/ महामाया नगर, जे.पी. नगर,/ अमरोहा, कासगंज/ काशीराम, मथुरा, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, सहारनपुर, शाहजहांनपुर, शम्भल और शामली | सीबीएसई, क्षेत्रीय कार्यालय,<br>ब्लॉक बी, द्वितीय तल, एलआईसी प्रभागीय कार्यालय, कैंपस, पत्तोम, तिरूवंनतपुरम.695004 केरल<br><br>दूरभाषः0471-2534404, 2534406<br>ई–मेलः<br>cbserothiruvananthapuram9@gmail.com | केरल, लक्षद्वीप |